राष्ट्रीय गीत के कथित अपमान पर भड़का भाजपा का गुस्सा

कोटपूतली। 80 वें स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" को पूरा नहीं गाने देने और बीच में ही रुकवाने के कथित मामले ने अब देशव्यापी राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस घटनाक्रम के विरोध में रविवार को कोटपूतली में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त आक्रोश व्यक्त करते हुए विशाल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपाईयों ने कांग्रेस आलाकमान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कस्बे के मुख्य चौराहे पर पुलिया के नीचे भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं का भारी जमावड़ा हुआ। कार्यकर्ताओं के चेहरों पर राष्ट्रीय गीत के कथित अनादर को लेकर भारी आक्रोश साफ देखा जा सकता था। आक्रोशित भाजपाईयों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ तीखी नारेबाजी करते हुये उनका पूतला फूंक कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व से इस मामले में स्पष्टीकरण की मांग की। इस जोरदार प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए मुख्य चौराहे पर हलचल काफी बढ़ गई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, देश के लाखों शहीदों का संकल्प है।

15 जिलों में 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

जल जीवन मिशन के तहत 1 हजार 500 गांवों को "हर घर नल से जल" की सौगात

केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह को संबोधित किया।

- बुझेगी आधे राजस्थान की प्यास - केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह
- नए आपराधिक कानूनों से न्याय व्यवस्था में आ रहा व्यापक सुधार- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किए तीन बड़े जल समझौते
- 'अटलजी की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी'

चित्तौड़गढ़/जयपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा। वे बाल्यकाल से ही राष्ट्रभक्ति के रास्ते पर चले। 40 साल तक विपक्ष में रहने और हर प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद राष्ट्रभक्ति का सिद्धांत ही उनके जीवन का आधार रहा। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास को लेकर कई बड़े फैसले किए। पूरे विश्व के दबाव के सामने ना झुकते हुए उन्होंने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया गया। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत 1 हजार 500 गांवों को हर घर नल से जल की सौगात दी गई।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्व. अटलजी ने हर गांव को सड़क से जोड़ने का काम किया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत नेशनल हाईवे बनाए। देश के आदिवासियों के लिए उन्होंने पहली बार जनजाति कल्याण मंत्रालय बनाया। इसी का परिणाम है कि आज आदिवासी परिवार की बेटी द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा आदिवासी कल्याण को आगे बढ़ाया। एसटी कॉम्पोनेंट का बजट 25 हजार करोड़ से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ तक पहुंचाने का काम किया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। साथ ही, देश में 10 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय और 772 एकलव्य विद्यापीठ बनाने का काम किया। अटलजी ने जो शुरूआत की थी प्रधानमंत्री मोदी ने इसको अंजाम तक पहुंचाया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि मेवाड़ की यह वीर भूमि देशभक्तों के लिए काशी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस वीर भूमि के महाराणा प्रताप, वीर पूंजा भील और सेठ भामाशाह की राष्ट्रभक्ति, धर्मभक्ति, स्वराज के प्रति लगन ने मुगलों के विजय रथ को रोक कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहले 11 लाख घरों तक ही नल से पानी पहुंचा था। माताएं-बहनें सिर पर तीन-तीन मटकियां लेकर कोसों दूर से पानी लेकर आती थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुए जल जीवन मिशन से 8 साल में ही राजस्थान में 64 लाख घरों तक पानी पहुंचा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी देश के महान नेता थे। उनके कुशल नेतृत्व में द्वितीय परमाणु परीक्षण और 1999 के कारगिल युद्ध की जीत ने भारत की छवि को दुनियाभर में मजबूत किया। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से भारत को एक स्वाभिमानी और सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाजपेयी जी के जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में घोषित किया।

इससे पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा का अनावरण किया तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पंच गौरव पवेलियन, भारत टैक्सी, ई-पैक्स, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र, माणिक्यलाल वर्मा आदम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं राजीविका, चित्तौड़गढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, सांसद सी पी जोशी, चुन्नीलाल गरासिया, मन्नालाल रावत, दामोदर अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुन लाल जीनगर, सुरेश धाकड़, चन्द्रभान आक्या सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से जयपुर स्थित ऐतिहासिक शाहपुरा हाउस में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ध्वज राजस्थान के सह-अध्यक्ष एवं शाहपुरा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने फहराया। इसमें उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि, पर्यटक तथा शाहपुरा हाउस की पूरी टीम शामिल हुई।

आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और साथिन बहनें सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन और समृद्ध राजस्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही हैं। महिला कल्याण और बाल विकास में इनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हर बेटी को पोषण, शिक्षा और विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन, समृद्ध राजस्थान राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाओं के सशक्तीकरण के बिना मानवता की प्रगति अधूरी है। इसलिए उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसा महत्वपूर्ण अभियान एवं विभिन्न योजनाएं चलाई हैं, जिससे बड़ी संख्या में बालिकाएं और महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 5 हजार रुपये की राशि बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये तथा दिव्यांग गर्भवती महिलाओं के लिए राशि बढ़ाकर 10 हजार रुपये की गई है। राज्य सरकार द्वारा मा वाउचर योजना के जरिए दूरस्थ क्षेत्रों तक गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी की निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे 4.82 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे बच्चे के जन्म पर मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के तहत लगभग 6 लाख 48 हजार लाभार्थियों को लगभग 215 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पोषण के क्षेत्र में राजस्थान ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह में देश में राजस्थान द्वितीय स्थान पर रहा तथा अप्रैल 2026 में अष्टम पोषण पखवाड़े के तहत राजस्थान ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से 7 किस्तों में 1.50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें अब तक पहली किस्त से 9 लाख से अधिक बालिकाएं, दूसरी किस्त से 7 लाख 73 हजार बालिकाएं तथा तीसरी किस्त से 95 हजार बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं। इसी प्रकार, कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना के तहत 1 लाख से अधिक महिलाएं एवं बालिकाएं निशुल्क माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। प्रदेश में 11 लाख मेधावी बालिकाओं को साइकिल और 46 हजार को स्कूटी वितरित की गई है।उन्होंने कहा कि सशक्त नारी से ही समाज एवं राष्ट्र का सशक्तीकरण संभव है। राजीविका के माध्यम से 25 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय
पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड़ राजस्थान
रिंकी वगैरह बनाम ग्राम पंचासत पांचूडाला वगैरह
अपील विरूद्ध आदेश ग्राम पंचायत पांचूडाला,
नामान्तरण संख्या 453
दिनांक 26.09.2025
अपील नं.-02/2026

बनाम नितिन, दीपक पुत्रान बिमला पुत्री स्व. रामधन पत्नि धनीराम, शोभा देवी पुत्री बिमला पुत्री स्व. रामधन पत्नि धनीराम समस्त जातियान धानका निवासीयान सिंतोपसिंहपुरा तहसील पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड राजस्थान अपीलान्ट नें आपके विरुद्ध अपील आदेश ग्राम पंचायत पांचूडाला, नामान्तरण संख्या 453 दिनांक 26.09.2025 पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 18.8.26 को दिन में 10 बजे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित सभी वारदान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आपस उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखि/ सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या सुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें।
आपको सूचित किया जाता है यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह प्रार्थना पत्र तारीख 14.8.26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
उपखण्ड अधिकारी
पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर
Email ID:bdo.jai.gov@gmail.com Phone No. 01423-230025
क्रमाकः-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2026/158 दिनांकः- 13.08.2026
निविदा सूचना संख्या /2026-27
वितीय वर्ष 2026-27 में पंचायत समिति गोविन्दगढ़ व अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो / सकर्म हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।
ऑनलाईन निविदा :-
NIB NO- PFA2627A0252 to PFA2627A0261
UBN NO- PFA2627WSOB00249 to PFA2627WSOB00258
विकास अधिकारी
पं.स.-गोविन्दगढ (जयपुर)

मनोहरपुर में भव्य तिरंगा यात्रा आज

मनोहरपुर। आजादी के अमृत उत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत मनोहरपुर में आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान महिपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि यात्रा दोपहर 3 बजे गांधी चौक मनोहरपुर से शुरू होकर मनोहरपुर बस स्टैंड होते हुए शाहपुरा चौपड़ तक जाएगी।

इस दौरान तिरंगा यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, शाहपुरा के पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, राजकुमार देवायुष सिंह एवं जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा सहित भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। तिरंगा यात्रा के निवेदक मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव तथा संयोजक सम्पूर्णानंद शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

पंचायतीराज चुनाव की आरक्षण लॉटरी एक महीने टली

अब 17-18 सितंबर को तय होंगी आरक्षित सीटें

- जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और प्रधान पदों की लॉटरी 17 सितंबर को, सरपंच और वार्ड पंचों का आरक्षण 18 सितंबर को होगा

जयपुर। राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव की तैयारियों के बीच आरक्षण लॉटरी की तारीखों में बड़ा बदलाव किया गया है। जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रधान, सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए प्रस्तावित आरक्षण लॉटरी को करीब एक महीने के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

अब जिला स्तर पर जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों और प्रधान पदों के आरक्षण की लॉटरी 17 सितंबर 2026 को निकाली जाएगी। वहीं सरपंच और वार्ड पंचों के आरक्षण की प्रक्रिया 18 सितंबर 2026 को उपखंड स्तर पर पूरी की जाएगी। इससे पहले आरक्षण लॉटरी के लिए 17 और 18 अगस्त की तारीख प्रस्तावित थी।

आरक्षण लॉटरी टलने के बाद पंचायतीराज चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे संभावित उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को अब एक महीने और इंतजार करना होगा। लॉटरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत स्तर पर कौन-सा पद या वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित रहेगा। ऐसे में टिकट दावेदारी और चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार राज्य सरकार 15 नवंबर 2026 तक नगरीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव कार्यक्रम को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के स्तर पर भी तैयारियां चल रही हैं।

विभाग के अनुसार, हाईकोर्ट में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए प्रतिवेदन में नगरीय निकायों के चुनाव पहले चरण में और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव दूसरे चरण में कराए जाने की संभावना का उल्लेख किया गया है। इसी संभावित चुनावी क्रम को ध्यान में रखते हुए पंचायतीराज संस्थाओं की आरक्षण लॉटरी को अगस्त से आगे बढ़ाकर सितंबर में करने का निर्णय लिया गया है।

नई समय-सारिणी के अनुसार 17 सितंबर को जिला स्तर पर जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों और प्रधान पदों के लिए आरक्षण तय किया जाएगा। इसके अगले दिन 18 सितंबर को उपखंड स्तर पर सरपंच और वार्ड पंचों की आरक्षण लॉटरी होगी। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पंचायत चुनावों की स्थानीय राजनीतिक तस्वीर अधिक स्पष्ट हो सकेगी और संभावित उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी तैयारी तेज कर पाएंगे।

नाम परिवर्तन
मैं मोहम्मद शाहिद खान उम्र 43 वर्ष जाति मुसलमान निवासी773, मौहल्ला इमाम चौक, बांस बदनपुरा, जयपुर मैं अपना नाम बदल कर मोहम्मद शाहिद पुत्र श्री अब्दुल गफूर कर रहा हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए तथा मेरी पुत्री माहिनूर (MAHINOOR) की माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक अंकतालिकाओं व अन्य दस्तावेजों में भी आवश्यक नाम परिवर्तन किया जाए।

खोया पाया
कुणाल भटनागर के नाम से आवंटित HIG फ्लैट नं. 52/74, सेक्टर 5, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर के मूल दस्तावेज अलॉटमेंट लैटर क्रमांक 6233 दिनांकित 17.1.2005 और पजेशन लेटर क्रमांक 1250 दिनांकित 26.4.2005 सहित जो कि विद्याधर नगर में गिर/ गुम गए, मिलने पर संपक करें 7636014406

मेरे आवास संख्या 43/59/02, वरुण पथ, मानसरोवर, जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र (नो-ड्यूज सर्टिफिकेट) जो उर्मिला देवी का नाम से RHB द्वारा जारी है, कहीं खो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें 7742288872

मैं, वीरेश कुमार भावरा पुत्र श्री गोपाल राम भावरा मेरे HD-702, प्रताप अपार्टमेंट्स (HIG), जयपुर का राजस्थान आवासन मंडल द्वारा जारी मूल अदेय प्रमाण पत्र 1547/1078, दिनांक 11.07.2016 जो कि प्रताप नगर, जयपुर में बाजार जाते समय खो गया है। मिलने पर सूचित करें, मोबाइल 9478853003

नम्बर मिलाइए
8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:2943 जाहिर आम-सूचना दिनांक:06.08.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 80/354 (EWS), (एरिया 36.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री गोपीनाथ गुसाई को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2388 दिनांक 18.11.1989 को जारी किया गया। श्रीमती मधुबाला नरूला पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार नरूला के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1847 दिनांक 04.01.2002 के द्वारा किया गया। श्रीमती मधुबाला नरूला के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 22.02.2005 को उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती मधुबाला नरूला की मृत्यु दिनांक 07.01.2020 को हो जाने के कारण शपथ पत्र एवं क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र के आधार पर इनके वारिसों 1. श्री हर्ष कुमार नरूला पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार नरूला एवं 2. सुश्री रीना नरूला पुत्री स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार नरूला द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है. 1. श्री हर्ष कुमार नरूला पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार नरूला एवं 2. सुश्री रीना नरूला पुत्री स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार नरूला का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
-0141-4901853
क्रमांक-2936 दिनांक-14/08/26
आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या-3/ग/28 नाहरी का नाका, जयपुर, क्षेत्रफल 137.00 वर्ग गज का आंवटन श्रीके0के0 वाजेई (श्री कान्ति कुमार वाजेई) को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 2471 दिनांक 18/12/1976 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 30/05/1986 को करवाया गया। आवास के मूल आवंटी श्री कान्ति कुमार बाजपेई की मृत्यु दिनांक 06/11/1999 को हो जाने के कारण श्रीमती ज्योत्सना वाजेई पत्नी स्व0 श्री कान्ति कुमार वाजेई के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षितपूर्ति बंधक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति, इच्छा पत्र की छाया प्रति एवं इच्छा पत्र मे अंकित गवाहो का शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष मे करने का निवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध मे किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 07 दिवस मे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि मे कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती ज्योत्सना वाजेई पत्नी स्व0 श्री कान्ति कुमार वाजेई के पक्ष मे आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

नगर परिषद, टोंक
आप सभी नगरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त 2026
हमारा संकल्प
स्वच्छ टोंक • सुंदर टोंक • स्वस्थ टोंक
सशक्त टोंक • विकसित टोंक
आइए, आज़ादी के इस पावन पर्व पर हम राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें और स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित टोंक के निर्माण में अपना योगदान दें।
नगर परिषद, टोंक की प्रमुख योजनाएं
- स्वच्छ टोंक अभियान: घर-घर कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना।
- जल आपूर्ति योजना: शुद्ध एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जल आपूर्ति व्यवस्था का विस्तार।
- स्ट्रीट लाइट योजना: शहर में आधुनिक एवं ऊर्जा कुशल स्ट्रीट लाइट से सुरक्षित और रोशन टोंक।
- पार्क एवं हरित क्षेत्र विकास: नए पार्क, हरित क्षत्र एवं सौंदर्यीकरण से स्वच्छ और सुंदर वातावरण।
- सार्वजनिक शौचालय: स्वच्छ एवं आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण और रखरखाव।
- सड़क निर्माण एवं मरम्मत: बेहतर सड़कें, बेहतर आवागमन, विकास की नई रफ्तार।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी): आवश्यकतानुसार पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना।
- ऑनलाइन सेवाएं: जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, संपत्ति कर, जुर्माना भुगतान एवं अन्य सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध।
- जनसुविधाएं: जनसुनवाई, शिकायत निवारण, वरिष्ठ नागरिक सहायता एवं विशेष अभियान।
आइए, स्वतंत्रता दिवस पर स्वच्छता, हरियाली, पानी की बचत और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने टोंक को गौरवमय बनाएं।
हमसे जुड़ें Nagar Parishad Tonk | nptonk | nptonk


ॐ शांति **शोक संदेश - तीये की बैठक** सतनाम श्री वाहेगुरु जी
अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी
श्री सावल सिंह जी सेठी
का स्वर्गवास 15 अगस्त को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक सोमवार 17 अगस्त को होगी।
समय: दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक
स्थान: शिव वाटिका, (जगदीश धाम) देवली
शोकाकुल
श्रीमती प्रेम सेठी (पत्नी)
भगवानदास, गोविंद (पत्रकार) जसविंदर सिंह सेठी (भ्राता)
डॉ गुरमीत, सुरेन्द्र सिंह सेठी (पुत्र)
सन्नी, कवीश, समर्थ, सफल सिंह सेठी (भतीजे)
नवनीत, दिव्य, शरविल सिंह सेठी (पौत्र)
एवं समस्त शोकाकुल सेठी परिवार, रिश्तेदार एवं मित्रगण
प्रतिष्ठान -
- गुरमीत डेंटल हॉस्पिटल
- देवली फिलिंग स्टेशन
- जी एस डेवलपर्स
- गुरमीत मार्बल, कोटास्टोन एड सेनेट्रीज, देवली - टोंक (राज.)
संपर्क सूत्र - 9829232973, 9571732445

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यालय पर ध्वजारोहण किया

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरा देश गर्व और गौरव के साथ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह अवसर हमें उन महान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

जयपुर में गाजे-बाजे के साथ तीज की शाही सवारी निकली।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद् कुचामन सिटी
Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in
munibkcity@gmail.com
फोन नं. 01586-220022
01586-221526
क्रमांक :— न.प.कु./2026—27/3470 दिनांक :— 13.08.2026
लोक सूचना
निम्न लिखित आवेदको द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर—कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :—

क्र. सं.	आवेदक का नाम	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
1.	श्री मोहनराम, रूपाराम पुत्रान बालूराम जाति कुम्हार	तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना—कुचामन	कुचामन सिटी	4324/1100	0.8000 Hq.
2.	श्री सीताराम पुत्र भंवरलाल जाति कुम्हार	तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना—कुचामन	कुचामन सिटी	4299/2630	0.1805 Hq.
3.	श्री आनन्द सेठी पुत्र राजकुमार सेठी जाति जैन, श्रीमती कविता भार्मा पुत्री राजेन्द्र भार्मा जाति ब्राहम्ण	तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना—कुचामन	जसराना	1066/1009 1067/1009 1068/1009 1064/1010	0.1250 Hq. 0.1200 Hq. 0.1595 Hq. 0.1338 Hq.

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90—क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर—भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर—भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13.08.2026 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी
आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी